भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3987

12 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

रेल उपरिपुल को चौड़ा करना

3987. श्री हंस राज हंस :

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली में हैदरपुर मेट्रो स्टेशन (बादली और मंगोलपुरी मोड़) के सामने बाहरी मुद्रिका पर लाखों यात्रियों को प्रभावित करने वाले दैनिक भारी यातायात से बचने के लिए रेल उपरिपुल (आरओबी) को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) : रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि हैदरपुर मेट्रो स्टेशन (बादली और मंगोलपुरी मोड़) में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) को चौड़ा करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) : प्रश्न नहीं उठता।

*****